थियाफ्लेविन, थेरूबीगीन, कैरोटेनायड व फ्लावोनोल आदि जैसे काली चाय पिगमेंट को निकालने की पद्धति का प्रयोग प्राकृतिक चाय रंग के रूप में एससी–एफई के प्रयोग को मानकीकृत किया गया। एस-सीएफई के प्रयोग द्वारा विभिन्न चाय के रंग निकाला जाता है। विभिन्न चाय रंग के समावेश से विविध प्रकार के उत्पाद जैसे टैबलेट, चाय आईसक्रीम, चाय सॉफ्ट ड्रींक चाय की मिठाईयां भी बनती है। सुगंधित इन्सटैंट चाय की तैयारी के लिए तकनीक विकसित किया गया है। हेडोनीक स्केल व चाय टेस्टर द्वारा स्वादयुक्त इन्सटैंट चाय का गुणात्मक विश्लेषण किया गया था।

**8. चाय शूटस के प्रक्रमण के दौरान अणविक नीव का बायोकेमिकल बदलाव से जोरदार संबंध और तैयार चाय की गुणवत्ता से उसका संबंध।**

पत्तों के तापमान में वृद्धि के साथ विदरिंग पीपीओ गतिविधि में गिरावट आई जबकि पेरोक्सीडेस गतिविधि में सुधार आया। तापमान में वृद्धि के साथ पीपीओ गतिविधि में गिरावट की कटौती विदरिंग के प्रारंभिक घंटों में नमी में कमी को रोककर किया जा सकता है। विदरिंग के दौरान 25°C की तुलना में 35°C पर कैटेचीन की मात्रा में बड़े पैमाने पर हानि हुई। प्रारंभिक समय में नमी की कमी को रोककर कैटेचीन की हानि को समाया जा सकता है। 25°C से 35°C पर खमीरीकरण तापमान में बदलाव के कारण गैलोकैटेचीन ऑक्सीडेशन के प्रारंभिक 30 मिनटों में खमीरीकरण के समय में 70 से 90 प्रतिशत बदलाव जाता है। खमीरीकरण का तापमान कल्टीवर विशेष पाया गया। जैसे 25°C पर टीवी 1 एवं टी. 3ई/3 बेहतर परिणाम देती है जबकि टीवी 26 के लिए 30°C है तापमान में वृद्धि के साथ पीपीओ गतिविधि में गिरावट कैटेचीन मात्रा व थियाफ्लेवीन डिगालेट के समरूप काली चाय है। विदरिंग तापमान में वृद्धि द्वारा भी निम्न आणविक वजन टीआर का निर्माण प्रभावित हेता है। खमीरीकरण के दौरान टीएफ व टी आर बनावट के साथ ही एंजाईम गतिविधियों में बदलाव का संबंध विदर लीफ में नमी की मात्रा से है।

70 प्रतिशत विदर लीफ की तुलना में S3ए/3 नमी की मात्रा पर बेहतरीन गुणवत्ता की चाय उत्पादित करती है जबकि टीवी 9 के लिए यह 70 प्रतिशत से न्यून है। सीटीसी कट की कोटी में वृद्धि से टीएफ वस्तु में कमी हेती है जबकि टीआर मात्रा में वृद्धि होती है।

**9. उत्तर बंगाल भारत के चाय रोपणों में चाय कीट एवं ब्लीस्टर ब्लाईट रोग की रोकथाम के लिए वैकल्पिक रणनीतियों का विकास**

उपासी से प्राप्त सेमिओरसायनों के दस लेंडो को प्रयोगशाला में वाई ट्यूब ओलफैक्टोमीटर के प्रयोग द्वारा विश्लेषित किया गया एवं ब्लेंड नं. 6 के प्रति नर हेलोपेल्टीस थियावोरा की ओर प्रतिक्रिया दर्शायी है। मादा हेलोपेल्टीस से फरमोन कम्पाउंड की वोलाटाइल उद्धरण पोरापाक क्यू सहित किया गया। नमूनों का जीसीएमएस विश्लेषण सी-टेक पर्यावरण प्रयोगशाला, चेन्नई से आउट सीर्स किया गया। आस्थागिरि दर्बल अनुसंधान संस्थान, चेन्नई पर फरोमोन विशेष के सहयोग में फरोमोन कम्पाऊंड का विश्लेषण किया गया एवं प्रयोगशाला स्थिति के तहत परीक्षण किया गया। स्टीकी ट्रैपों का प्रयोग कर मैदानी परीक्षण के लिए धीमी निर्मोचन डिस्पेंसर की तैयारी (कम्पाऊंड के साथ पूरित) भी पूरा किया गया। चाय रीजोस्फीयर मृदा से पांच माइक्रोबीयल स्ट्रेन एवं उनके कनसोरटियम को अलग रखा गया एवं ब्लीस्टर ब्लाईट के समक्ष उनका परीक्षण किया गया। संक्रमित शूटस की संख्या में क्रमशः 57 प्रतिशत से 52.9 प्रतिशत तक ब्लीस्टर के विकास को नियंत्रित करने में एसपरगीलस नीजर का प्रभाव परिणामों में दर्शाया गया है। विभिन्न फंगल प्रजातियों का सामना हेलोपेल्टिस की माइकोफ्लोरा की सतह के साथ हुआ। प्रयोगशाला की स्तिक्नित के तहत ईलोपेल्टिस के समक्ष पैथोजेनेसीटी परीक्षण पर पृथकों में एसपरगीलस एसपी, क्लैडोसपोरियम एसपी, अल्टरनारिया एसपी एवं एक गुलाबी ईस्ट है। विभिन्न एनटोमोपैथोजेनिक कंगास की प्रभावोत्पादकता को हेलोपेल्टिस थेईवोरा के गड एवं सतह से पृथक कर प्रयोगशाला में अध्ययन किया गया। जल भरे ग्लास ट्यूब में फिट किए गए चाय शूट्स पर स्पोर ससपेन्शन का छिड़काव किया गया एवं उसे एक ग्लास चीमनी

के भीतर रखा गया ताकि उसकी नमी का रखरखाव किया जा सके। चिमनी में लेटर हेलोपेल्टिस छोड़ा गया एवं फिडिंग व मरणशीलता दर का रेकार्ड अध्ययन किया गया।

विभिन्न स्पोर कनसेन्ट्रेशन (100%, 50%, 10%, 5%, 1% एवं 0.1%) को नियंत्रण के सेट के साथ उपचार के रूप में अनुप्रयुक्त किया गया। पोलानीसिया उच्चतम कनसेनट्रेशन परीक्षण पर 72 घंटे के उपचार के उपरांत पोलानीसिया इकोसांडरा के एसीटोन व मेथानोल एक्सट्रैक्ट ने अधिकतम 82.0 का रिकार्ड एवं –77.4 प्रतिशत की कमी फीडिंग स्पॉट में है। 72 घंटे के उपचार के उपरांत पी. हातिल्टोनी एवं पी. वीवीपैरम के पेट्रोलियम इथर एक्सट्रैक्ट ने क्रमशः 69.2–81.5 प्रतिशत व 60.4–80 प्रतिशत की कमी फीडिंग स्पॉट में की। 21 देसी पौधे एस.पी. का विश्लेषण चाय मच्छर कीड़े के समक्ष विश्लेषित किया गया जिसमें से छह एक्यूअस, पेट्रोलियम इथर, मैदान में एसीटोन व मेथानोल एक्सट्रैक्ट सहित अधिक प्रभावी पाया गया।

10. **कीटनाशी अवशेष परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना**

प्रयोगशाला की व्यवस्था समाप्त हो गई है। क्रियाविधि पुस्तिका एवं एसओपीएस समाप्त हो चुका है। चाय उद्योग को सेवाओं के बारे में परिपत्र (अनुलग्नक-II) द्वारा सूचित किया जा चुका है एवं उद्योग से प्राप्त 52 नमूनों का विश्लेषण किया गया है। 6 प्रत्यायित व अभिनिर्देश प्रयोगशालाओं सहित परीक्षण के लिए प्रयोगशाला की आंतरिक तुलना का प्रारंभ किया गया। दिसम्बर, 2011 में ISO/IEC 17025 : 2005 मानक के तहत प्रत्यायन के लिए एनएबीएल को आवेदन दिया है, जीसी-एमएस/एमएस एवं एलसी-एमएस/एमएस द्वारा 65 कीटनाशकों के लिए कैलिबरेशन के आंकड़े उत्पन्न किए गए हैं।

11. **वजनदार धातुओं पर अध्ययन–चरण–II**

आरसनिक की मात्रा के लिए 65 तैयार चाव के नमूनों का विश्लेषण किया गया। औसत क्रोमियम की मात्रा 9.04 मि.ग्रा/कि.ग्रा. थी एवं 0.3 से 35.3 मि.ग्रा./कि.ग्रा. की श्रेणी में था 5 से 10 मि.ग्रा./कि.ग्रा. श्रेणी की अधिकतम फ्रीक्वेंसी में उपलब्ध है। 0.001 से 0.405 की श्रेणी में आरसनिक की मात्रा पायी गई जिसका औसत 0.11 मि.ग्रा./कि.ग्रा. था। दार्जिलिंग डुआर्स एवं तराई से कुल 32 तैयार नमूनों को क्रोमियम व आरसनिक विश्लेषण के लिए संग्रहित किया गया। कुल 30 मृदा के नमूने प्रकमित किए गए एवं उन पर विश्लेषण अभी भी जारी है। असम व डुआर्स में स्थापित 40 चाय संपदाओं से पानी के नमूने संग्रहित किए गए एवं 92 नमूनों का निरीक्षण आरसनिक की मात्रा के लिए किया गया। उत्तर-पूर्वी भारत के विभिन्न चाय उत्पादन क्षेत्रों से अतिरिक्त बागानों का चयन चाय के ताजा नमूनों एवं बागानों में प्रयुक्त इनपुटों का संग्रह संक्रमण के संभव स्रोतों की पहचान के लिए गिया गया। कुल 50 जैव खाद्य के नमूने संग्रहित किए गए एवं विश्लेषण के लिए 15 नमूनों का संग्रह किया गया। काम अभी जारी है।

12. **स्टेबल गुणवत्ता जिनोटाइप्स के विकास हेतु बॉयोटिक एवं एबॉयोटिक स्ट्रेस विश्लेषण**

जलजमाव स्ट्रेस के जेनोटाइप सहनशीलता/ सुग्राहिता एवं हेलोपेल्टिस कीड़ों का आक्रमण पहचाना गया। जलजमाव स्ट्रेस के लिए पौधों की सामग्री का चयन डीबीटी परियोजना में किया गया। बीटीजीआर को सहनशील रूप में एवं टीवी 1 को सुग्राहित के रूप में लेकर आणविक विश्लेषण के लिए छह विभिन्न जर्मपलासम के साथ द्रायल किया गया। 45 दिनों के लिए जलजमाव स्ट्रेस उत्पेरित किया गया एवं 15 दिनों के अन्तराल में आणविक विश्लेषण के लिए जल दक्षता व टिशू के आंकड़े लिए गए। बौयोटिक स्ट्रेस के तहत (हेलोपेल्टिस कीड़े का आक्रमण) परिवर्तनशीलता के अध्ययन के लिए दस विभिन्न जर्मपलासम लिया गया। नियमित अन्तराल( 1 घंटा, 5 घंटा, 10 घंटा, 1 दिन व 2 दिन) में सैम्पलिंग व नियमित अध्ययन किया गया। पौधों की सामग्री का चयन सहनशील (111/1) व सुग्राहित (टीवी 1) के रूप में लिया गया। जलजमाव स्ट्रेस व हेलोपेल्टिस स्ट्रेस के लिए स्ट्रेस सम्बंधी सबब्रैक्टीव सीडीएनए पुस्तकालयों के निर्माण का प्रयोग कर ट्रांसक्रिप्ट विश्लेषण पूरा किया गया। जलजमाव स्ट्रेस सम्बंधी एसएसआर मारकरों को विकसित किया गया है।

**उत्तर बंगाल क्षेत्रीय अनुसंधान व विकास केन्द्र, चाज अनुसंधान संध, नागराकाटा**

**13. उत्तर बंगाल में चाय की वर्तमान कीट समस्या और उसके संभावित प्रबंधन अध्ययन**

परिवर्तित प्रकाश दिवस ट्रैप द्वारा लेपीडोपटेशन कीटों के मौसमी वितरण पर ट्रायल दो वर्षों में समाप्त किया गया। विभिन्न लेपीडोपटेरान कीटो में, जैसे लुपर कैटरपीलर्स, रेड स्लग, हेयरी कैटरपीलर, एच. टालाका प्रबल प्रजाति पाए गए। मौसम के प्रारंभिक भाग के दौरान यह उच्चतम था जिसके बाद मानसून के समय अवसाद रहता है एवं वसंत के मौसम में थोड़ा चढ़ाव रहता है। नमम्बर-अप्रैल के दौरान लुपर प्रबंधन पर जोर डालने में इनका अत्याधिक महत्व है। चाय के पौधों के ऊपरी हिस्से के विभाजन द्वारा चाय के यूपी, डीएस व एलपी सेक्सनों में लुपर के प्यूपेशन पर मैदानी अध्ययन किया गया। अध्ययनों से यह पता चलता है कि कुल संग्रहित क्राईसालिड में से यूपी, डीएस व एलपी सेक्शनों में क्रमशः 48 प्रतिशत, 28 प्रतिशत व 23 प्रतिशत थे जो यह सूचित करते हैं कि कीड़ों का आक्रमण बिना छँटाई की स्थिति में अधिक था। लाल स्लग के प्राकृतिक दुश्मनों पर अध्ययन से यह पता चलता है कि टेकिनीड फ्लाई द्वारा मैदानों के पैरासाईटाईसेशन ने पुपेई का संग्रह अब उन्नति पर है। मैदानों में कीडे लगने में एक ब्राकोनीड पाया गया जिससे 1.08 प्रतिशत तक लाल स्लग कैटरपीलर संग्रहित किए गए। प्रति पैरासटाइज कैटरपीलर पर औसत (N = 7) 21.47 पर प्रौढ़ ब्रकोनीड वाष्प पाया गया। अध्ययन पर काम जारी है। लाल स्लग कैटरपीलरों से संग्रहित मैदानों पर एक फुसारियम

एसपी द्वारा संक्रमण देखा गया। प्रयोगशाला में फंगस को परिष्कृत किया गया एवं भविष्य के अध्ययन के लिए संभाल कर रखा गया। प्रयोगशाला में, हाड़पोसीड्रा एसपी के अंडो पर क्राईसोपेरला के लार्वा की फीडिंग दक्षता की श्रेणी 63.15 प्रतिशत–100 प्रतिशत पाया गया यह 15 दिनों में एक लार्वा द्वारा था। सामान्य तौर पर उपलब्ध वनस्पतिक जल शेष के समक्ष प्रयोगशाला में लाल स्पाईडर माईट अधिक प्रभाड़ी पाया गया। इस पर मैदानी स्तर पर कार्य निकट भविष्य में किया जा रहा है।

**14. लागत प्रभावी रूप में सिंचाई सूची को मद्देनजर रखते हुए मृदा लक्षणों शरीर विज्ञान व पैदावार से संबंधी हुआर्स व तराई के चाय क्षेत्रों में सूखा पर**

डुआर्स में आंकड़ों से यह पता चलता है कि अक्टूबर-मार्च में प्राप्त बारिश में काफी अन्तर पाया गया है। 1983-84, 1994-95, 1998-99, 2008-09 आदि की अवधि के दौरान यह प्रभावपूर्ण रूप में न्यून (करीब 200 एमएम) था। अतः क्षेत्र में सिंचाई एक महत्वपूर्ण इनपुट बन गया है। अक्टूबर-मार्च, 2010-2011 के दौरान मौसम विज्ञान सम्बंधी आंकड़ों के विश्लेषण ने बरसात में महत्वपूर्ण कमी नजर आई। सिंचाई पर फसल के प्रभाव के अध्ययन के लक्ष्य के साथ, पौधों शरीर विज्ञानी पैरामीटरों का निरीक्षण 2011 के दौरान विभिन्न सिंचाई उपचारों के तहत किया गया। 2010-2011 के दौरान निरीक्षण यह दर्शाते हैं कि 30 दिनों के अन्तराल पर 50 एमएम सिंचाई उच्च जल प्रयोग दक्षता व उच्च पैदावार के लिए वरीय है। 2010-201 के दौरान विभिन्न प्रभावपूर्ण सिंचाई उपचारों के बाद मृदा नमी स्थिति निर्धारित किया गया। मृदा की नमी में सिंचाई में बढ़ते अन्तराल के साथ गिरावट आई। उपचारों में मृदा नमी में अन्तर महत्वपूर्ण नहीं था। अन्य शरीर विज्ञानी पैरामीटरों के साथ मृदा नमी का सम्बंध विश्लेषित किया गया। परिणाम यह बताते है कि मृदा नमी, स्टोमाटल कंडक्टीविटी, प्रस्वेदन दर एवं पैदावार प्रभावपूर्ण रूप से संबंधित है।

**15. हरी चाय विनिर्माण व सीटीसी के संबंध में चाय प्रक्रमण के जैव रसायनिक पहलुओं पर अध्ययन**

एवी 2, बी 157, टी 383,meve 1, टी 78, पी 1258, बी 668, आरओएच 1, पी 312, टीनाली 17, के 1/1, बी 777, आर 17/144, जीओ चीन, टी वैली 1, आरओएच 2, आरओएच 3 जैसे कटलीवरों से प्रक्रमित रही चायों को जैव रसायनिक पैरामीटर जैसे नमी क मात्रा, धुलनशील ठोस, कैफीन की मात्रा व कुल पॉलीफेनाल को वाष्पीकरण व पैनिंग पद्धति द्वारा विश्लेषित किया गया है। पैरामीचरों में महत्वपूर्ण गुणता वैभिन्नय जैसे टीएसएस व कुल पॉलीफेनाल को क्लोनों के बीच विनिर्माण प्रक्रमणों के तहत देखा गया। एवी 2, बी 157, टी 383, सीवी 1, टी 78, पी 312 एवं टीन 17 की हरी चाय के लिए एचपीएलसी द्वारा कैटेचीन प्रोफाइलिंग समाप्त किया गया। यह देखा गया कि + सी, ईजीसीजी एवं ईसीजी पैनिंग प्रक्रमित चायों में अधिक है जबकि ईजीसी एवं ईसी वाष्प प्रक्रमित चायों में अधिक है। कुल पॉलीफेनाल का प्राक्कलन छोटे कारखानों में दस सामज्ञनय तौर पर प्रयोग किए जाने वाले प्रकारों जैसे टीवी 1, टीवी 9, तीनाली 17, टीवी 20, टीवी 25, टीवी 26, एसटी 462, एसटी 463, एसटी 491, एसटी 520 को वाष्पीकरण द्वारा विर्निमित रही चाय से किया गया थीआ। तीन भिन्न वाष्पीकरण समयों को प्रत्येक कल्टीवेटर से विनिर्मित हरी चाय के लिए अपनाया गया। यह देखा गया कि सभी कल्टीवरों के लिए वाष्पीकरण समय टी 2 में पॉलीफेनाल मात्रा उच्चतम है। ये सभी खोज यह हरी चाय के विनिर्माण में वाष्पीकरण अवधि के महत्व को सूचित करते हैं।

विभिन्न खमीरीकरण पद्धति पर प्रयोग किए गए एवं नियंत्रित स्थिति के तहत चार कल्टीवरों के लिए विभिन्न गुणता पैरामीटरों को पर्यावरण नियंत्रित विनिर्माण इकाई (इसीएम) द्वारा विश्लेषित किया गया। यह देखा गया कि खमरीकरण अवधि एक२ (55-60 मिनट) में एक 1 (45-55 मिनट) एवं एफ 3 (65-70 मिनट) की तुलना में बेहतरीन गुणता के तत्व है। टामुली ईटीएएल (2005) की प्रारंभिक खोजों के बाद क्रमशः तीनाली 17, एसटी 520 एवं टीवी 1 के अनुरूप टीवी 23 में थियाफ्लेवीन (टी एफ) की मात्रा उच्चतम है। दुसरे प्रयोग में दो भिन्न रोलिंग अवधि दो खमीरीकरण अवधि के साथ मिलाकर परीक्षण किया गया। टीवी 1, टीवी 23, टीन 17, एसटी 520 एवं टीवी 9 कल्टीवरों सहित इ मिश्रणों से तैयार चाय उत्पादित किया गया। आर 2 एफ 1 में बेहतरीन गुणता के पैरामीटर देखा गया जिसके बाद आर१ एफ 2 था।

**जेनेटीक इंजीनियरिंग व जैव तकनीक हेतु डॉ. बीसी. गुहा सेन्टर, कोलकाता विश्वविद्यालय**

**16. उच्च सामर्थ्य चाय टैबलेट के सूत्रीकरण हेतु एमफीसीमेटस पर लेग हानि पर चाय फ्लेवीनॉएडस की परिवर्तनशाली भूमिका तथा चाय उत्पाद के स्वास्थ्यकारी लाभ के प्रभाव का मूल्यांकन।**

हमारे पशु मॉडल अध्ययन के परिणाम ने आक्सीक क्षति पर काली चाय टैबलेट के हिफाजती भूमिका को स्पष्टतः स्थापित किया। तो भी यह प्रायोगिक आंकड़ा से विलकुल स्पष्ट है कि काली चाय टैबलेटस से निवारक किया बहुत ही आंशिक था जो सिगरेट धुमपान (सीएस) जरा सहित ऑक्सीजन विषाक्तता जैसे आंक्सीक महत्व बढ़ाने के लिए आरक्षित विषयों हेतु पूर्ण प्रर्याप्त नहीं है। हमारे ऑकड़ा बढ़ते अविषाक्तता के मात्रात्मकता और गुणवत्ता दोनों क्षेत्रों को दर्शाता है। अतः अधिकांश जैव अमोहक और जैव सुलभ चाय अविषाक्तता घटक से बना एक उच्च सामर्थ्य चाय टैबलेट उपयोग करते हुए हम ऐसे आक्सीक क्षति पर उच्च स्तरीय सुरक्षा का निष्पादन प्रतीत कर सकते हैं। रक्त और अंग में काली चाय पोलीफेनल का जैव सुगमता चिह्न की पहचान किया गया है। काली चाय टैबलेटस पीबीक्यू उत्प्रेरित लंग क्षति जाँच पर महत्वपूर्ण हिफाजती दर्शाता है कि काली चाय घटक इमफीसमेटस

लंग क्षति उत्प्रेरित सिगरेट धुम में निहित क्षतिक घटक के प्रत्याक्रमण योग्य था। यह यथार्थ अधिक प्रभावी चाय घटक के निर्धारण को निहित करता है जो एमफीसमेटस लंग क्षति के दौरान पी–बेंजोक्वीनोन धुमपान के मुख्य हानिकारक तत्व को निष्प्रभावी कर परस्परता दिखा सकता है। खून एवं अंगों में काली चाय पॉलीफेनाल की जैव उपलब्धता सूची निर्धारित किया गया है।

**भारतीय तकनीकी संस्थान, खड़गपुर**

**17. चाय के विदरिंग, मैसरेशन, रोलिंग, खमीरीकरण व सूखेकरण में प्रक्रमण पैरामीटरों का मानकीकरण**

अर्थोडॉक्स व सीटीसी चाय में विदरिंग समय को कमाने के लिए विदरिंग ट्रफ का विकास किया गया। रूपांकन के अनुसार, घुमावदार विदरिंग ट्रफ फैबरीकेट व स्तापित किया गया। यह ट्रफ क्षेत्र स्वअनुकूलित समस्तरीय ट्रफ के दो ट्रफ खंड के समतुल्य है। इस ट्रफ में विदरिंग फ्लोर का फायदा होता है रूढ़िगत रूपांकन का 2/3 बचता है। प्रारंभिक जाँचों के दौरान स्वअनुकूलित विदरिंग ट्रफ की तुलना में इस ट्रफ में तीव्र नमी की हानि देखा गया। वृत्ताकार व स्वअनुकूलित ट्रफों में फैन का प्रयोग करके एवं बगैर किए आगे का अध्ययन आयोजित किया जाएगा।

एकल कटा हुआ मैसीरेशन उपकरण का प्रोयोगिक ढाँचा (समसगस्तरीय, झुका हुआ अथवा उर्ध्व) परिवर्ती कारको के प्रक्रमण के अध्ययन के लिए अभी विकासरत है। टोर्क सेन्सर, कुपलिंग, रोटारी एनकोडर एवं 10 एचपी मोटर एक फ्रेम स्थापित किए गए एवं डाटा अक्वेजीशन प्रणाली स्थापित की गई। प्रायोगिक रूपांकन के अनुसार परीक्षण के लिए विभिन्न प्रकार के रोटर ब्लेड निर्माण के तहत है एकसमान फीडिंग प्रणाली का निर्माण विकासाधीन है। तैयार चाय के भौतिक विशिष्टता (आकार) का निर्धारण इस इकाई से उत्पादित तैयार चाय के विभिन्न ग्रेडों के कणों का फ्रैक्टल आयाम के परिमापन द्वारा किया गया। फ्रैक्टल आयाम पत्तों की स्वास्थता, विदरिंग की डिग्री एवं मशीन पैरामीटरों के प्रकग्रमण पर निर्भर करता है। तैयार चाय की रसायनिक विशेषता भी किया गया था (विद्यमान संस्थान बागान से पतों की कटाई की जाती है।)

एक समस्तरीय मैसीरेशन मशीन (क्षमता 100 किग्रा/हे.) का रूपांकन किया गया है एवं निर्माणाधीन है। विभिन्न हिस्सों को दो महीने के भीतर एकत्रित किया जाएगा एवं उसके बाद मशीन परीक्षण किया जाएगा। मुख्य मैसीरेशन उपकरण प्रति घंटे 450 कि.ग्रा. की आउटपुट क्षमता का परिमापन किया जाएगा। गियर हॉबिंग पद्धति का प्रयोग कर अल्यूमिनियम ब्लैंक पर रोलर प्रोफाइल सफलतापूर्वक काटा गया। और प्रस्तावित पद्धति की उपयुक्ता एक रोलर पर मापी जाएगी जिसके व्यास को कई पुर्नआकारित कर घटाया गया है, यह काम जारी है। क्रोमियम कोटिंग पर ट्रायल नई विकसित मैसीटेशन ट्रायल मशीन में विभिन्न प्रकार के रोटर कोटिंग ब्लेडों पर अनुप्रयुक्त किया जाएगा। और क्रोनियम कोट किए हुए माइल्ड स्टील रोटर ब्लेड बनाम माईल्ड स्टील के बीच एक तुलना की जाएगी।

समान बेल्ट चाय रोलर में विदर्ड पत्तों की रोलिंग पर प्रयोग किए गए है। इस उपकरण का प्रेशन प्लेट तीन मागों में विभाजित किया गया है ताकि बेहतरीन रोलिंग के लिए विविध प्रेशर प्रदान किया जा सके। प्रयोग के दौरान यह पाया गया कि चाय के पत्ते रोल हो रहे थे लेकिन आंशिक रूप से टूटे हुए थे। इस समस्या से निपटने के लिए माइल्ड स्टील प्रेशर प्लेटो को वाटर प्रुफ लकड़ी के प्लाई से बदल दिया गया है। अधिक तोड़मोड़ के बिना चाव के पत्तों को संतुष्टि से रोल किया गया। चाय रोलर का डिस्क प्रकार निर्माणाधीन है। विभिन्न तापमानों (20, 25, 30, 35 डिग्री सेल्सियस) पर टीवी 25 के विदर्ड मैसीरेटेड पत्तों के खमीरीकरण पर प्रयोग दो मिनट के अंतरल से दो घंटे के अंतराल तक लिए गए नमूनों पर किया गया। नमूनों से विभिन्न जैव रसायन तत्वों का विश्लेषण किया गया। विभिन्न तत्व जैसे कैटेचीन, कैफीन, टीएफ एवं उसकै मानों व डाई–गैलेट विभिन्न समय अंतराल पर लिए गए नमूनों एचपीएलसी का प्रयोग कर किया गया था। परिणाम यह दर्शाते है कि कैटेचीनों की अवनति दर 30 डिग्री सेल्सियस वायु तापमान से उच्च है। 30 डिग्री सेल्सियस पर 40 मिनट के भीतर कुल टीएफ (टीएफ, टीएफ 3 एमजी, टीएफ 3 एमजी, टीएफ 33 डीजी) निर्माण उच्च था। प्रायोगिक आँकड़ों ने वायु तापमान को अच्छा किया एवं खमीरीकरण अवधि भी प्राप्त किया जाएगा। भविष्य में एक औद्योगिक स्केल बहुमुखी वायु तापमान नमी नियंत्रक का रूपांकन किया जाएगा।

आरएक ड्रायर की स्थापना पुरी हो गई है। ईसीपी एवं आरएक ड्रायर का प्रयोग कर चाय की हाईब्रीड ड्रायींग की गई। खमीर सीटीसी पत्तों में नमी की मात्रा 30 प्रतिशत (डब्लूबी) से करीब 3 प्रतिशत तक आरएफ ड्रायर का प्रयोग इसीपी ड्रायर में प्रारंभिक ड्रायिंग पूरा कर कम कर दिया गया।१० से.मी. पर बेड की मोटाई एक समान रखा गया। मिश्रित बेड एवं एकमान बेड सहित पत्तों के आरएफ ड्रायिंग के दौरान नमी में कमी का अध्ययन किया गया।

तीन ड्रायरों अर्थात ईसीपी ड्रायर, वैक्यूम ड्रायर एवं रेडियों फ्रीक्वेंसी ड्रायर का तुलनात्मक अध्ययन ड्रायिंग वर्क, लिकर रंग एवं सुगंध सूची मूल्यों पर किया गया था। ईसीपी के लिए सुगंध सूची मूल्य, वैक्यूम एवं आरएक द्वारा सूखे चाय नमूने क्रमशः 7.2, 16.0 एवं 11.9 थे। विविध ऊर्जा अर्थात 16 कि.वा. एवं 20 कि.वा. द्वारा आरएफ ड्रायिंग में प्रयोग किए गए एवं कुल सूखेपन की अवधि रंग में बदलाव एवं सूखे चाय नमूनों के सुगंध का मॉनीटर किया गया। जब ऊर्जा 16 कि.वा. पर स्थायी किया गया तब नमूनों का रंग एवं सुगंध बेहतर था।

**डीटीआरडीसी, (टी बोर्ड,) कर्सियांग, पश्चिम बंगाल एवं यूबीकेवी,**

**पुंडीबारी, कुचबिहार, पश्चिम बंगाल**

**18. उत्तर बंगाल में एसिड मृदाओं में चाय हेतु फॉस्फेट सॉल्यूबिलाईजिंग जैव उर्वरक (कैमिलिया साईनेसि एल) का विकास**

दार्जिलिंग व डुआर्स के विभिन्न चाय बागानों से फॉस्फेट सॉल्यूबिलाईजिंग जीवाणु का पृथक्करण व शुद्धिकरण समाप्त हो गया है। 131 मृदा नमूनों से कुल 455 कल्चरों को पृथक किया गया था। प्रयोगशाला स्थिति के तहत 41 जीवाणु कल्चरों के लिए तरल कलचर में ट्राई कैल्शियम फॉस्फेट रॉक फॉस्फेट, अल्यूमिनियम फॉस्फेट व फेरीक फॉस्फेट पुरा हो चुका है। स्क्रीनिंग कार्यक्रम 5.10 एवं 15 दिनों की सेनाई के बाद घुलनशील क्षमता पर निर्भर करता है। सभी कल्चरों (पी एस बी) का परीक्षण आई ए ए उत्पादित क्षमता के लिए किया गया परन्तु कोई भी कल्चर ट्राईपटोफन अमेन्डेड मीडिया में आईएए उत्पादित नहीं करता। फॉस्फेट सॉल्यूबलाईजिंग जीवाणु के साथ जैव उर्वरक के विकास पर काम चल रहा है जो दार्जिलिंग चाय बागान में अच्छी तरह काम कर सकता है एवं पहाड़ों के निम्न मृदा तापमान को देखते हुए सभी दक्ष बैक्टियिल आईसोलैट्स (ग्यारह आईसोलेट्स) प्रयोगशाला स्थिति के तहत भिन्न रोपण तापमान पर उनकी वृद्धि निष्पादन निर्धारित की गई निम्न पीएच (4.0) पर फॉस्फेट सॉल्यूबलाईजिंग माइक्रोआर्गेनिजम की वृद्धि ए 1 संकेन्द्रन के विभिन्न स्तरों एवं डेसीकेशन के विभिन्न स्तरों (पॉलिईथाईलीन ग्लाईकोल 600) का अध्ययन विपरित स्थिति के तहत उनकी उतरजीविता का निर्धारण किया गया। विविध कार्बोहाइड्रेटो के प्रयोग द्वारा चुने हुए फॉस्फेट सॉल्युबलाईजिंग जीवाणु भी किए गए।

**19. पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिलों में चाय (कैमिलिया साईनेसिस एल) के एसिड मृदा में जैव पदार्थ का नाइट्रोजन खनिजकरण**

पोषको (एन. पी.के. माइक्रोन्यूट्रीअन्ट) के लिए डाटा वेस विकसित किया गया है एवं विभिन्न स्त्रोतों से संग्रहित भारी धातु मात्रा के जैव पदार्थों का विश्लेषण किया गया। जैव पदार्थों के हुबी खमीरीकरण का अध्ययन (मछली के खाद्य, नीम केक, सरसों के केक एवं करांजा केक) तल जैव अर्वरक के रूप में प्रयोग की समाप्ति हो गई है। अम्लीय चाय मृदाओं में 15 विभिन्न जैवों से एन मीनरलाइजेशन के अध्ययन पर प्रयोग किए गए है। साप्ताहिक अन्तराल में 91 दिनों तक नाइट्रोजन रिलिज का परिमापन किया गया। वह देखा गया कि मछली खाद्य, मांस व हड्डी खाद्य, सोयाबीन केक, तेल निकाली हुई सरसों के केक, बादाम केक, तील केक, करांजा केक जैसे जैव पदार्थों से एरोबिक नाईट्रोजन मिनरलाइजेशन ऊंचा था। नीम केक, महुआ केक, कोपरा केक सहित उपचारित मृदाओं में नाइट्रोजन मिनरलाईजेशन निम्न था एवं स्टेबीलाईजड जैव पदार्थ जैसे फार्म यार्ड उर्वरक, बरमी कमपोस्ट एवं पोल्ट्री उर्वरक। दार्जिलिंग चाय के लिए दो जैव उर्वरक सुत्रिकरण न्यूट्रिवंट मात्रा (एन, पी व के) के साथ विभिन्न जैवो का मिनराईजेबल एन एवं सी मिनराईजेशन विकसित किया गया।

**20. भारतीय चाय के परिमेय भौतिक मानको का कापर्स सृजन (सी डैक परियोजना)**

काली चाय के एजिंग अध्ययन पर अनुसंधान पुरा हो चुका है एवं उपर्युक्त विश्लेषण पर रिपोर्ट एकत्रित किया गया है। टीएफटीआर विश्लेषण सहित ई-विजन डाटा की परस्परता का निष्पादन किया गया। टीएफ/टीआर विश्लेषण सहित ई-नोज व ई-टंग की परस्परता का निष्पादन किया गया। विभिन्न लिकर, इनफ्यूशन, रूप, चाय ग्रेडो आदि के लिए चित्र डाटाबेस, सुगंध व स्वाद डाटाबेस भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में चाय उत्पादन के लिए तैयार किया गया है।

**विनियामक मुद्दे व प्रौद्योगिकी समर्थन**

टी बोर्ड अनुसंधान निदेशालय चाय के विनियामक मुद्दों को देखता रहा है। जिसमें एम आर एल निर्धारण, कीटनाशी अवशेष समस्या का समाधान, लौह, फिलिंग, प्रकृति समरूप स्वाद तथा त्वरित चाय के मानकों का निर्धारण इत्यादि। आवश्यक तकनीकी समर्थन को परिपत्र/सूचना इत्यादि के रूप में चाय उत्पादक संघ, चाय निर्यात संघ तथा चाय व्यवसायी संघ को प्रदान करता है जिसे विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों व चाय अनुसंधान प्रयोगशालाओं से संग्रहण/कोलाटिंग आंकड़ों से यूचना प्राप्त करता रहा है। टी बोर्ड ने विभिन्न राष्ट्रीय (पी एफ ए, बी आई एस, शैडो समिति इत्यादि) व अन्तर्राष्ट्रीय (कोडेक्स, आईएसओ इत्यादि) बैठकों में उपस्थित होता रहा है तथा अद्यतन सूचना/विनियमन के अद्यतकरण हेतु भागीदारी करता रहा है तथा दोनों उद्योग व सरकार के चिन्ताओं का प्रतिनिधित्व करता रहा है। एफएसएसआर, 2011 पर कार्यशाला चाय उद्योग हेतु आयोजित किया गया।

**प्रबंधन परिषद/ट्रस्टी बोर्ड/वैज्ञानिक सलाहकारी समितियों में भागीदारी**

चाय उद्योग के सभी स्टेक होल्डरों के लाभार्थ हेतु टी बोर्ड के अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिकों नें विभिन्न अनुसंधान/वैज्ञानिक सलाहकारी समिति, प्रबंधन परिषद व देश में चाय अनुसंधान संस्थाओं के रोपणकर्ता समितियों पर ध्यान दिया। चाय अनुसंधान संस्थाओं के निदेशक व वैज्ञानिक एवं सभी 11 वीं योजना अनुसंधान स्कीमों के परियोजना अन्वेषकों को टी बोर्ड में आमंत्रित किया गया था ताकि मार्च, 2012 में चाय अनुसंधान संपर्क समिति (टीआरएलसी) की बैठक में उपस्थित हो एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर सके। इसने परियोजनाओं के मूल्यांकन में मदद की जहाँ उद्योग के प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ बैज्ञानिकें ने इसमें भाग लिया।

# चाय संवर्धन

## परिचय

चाय बोर्ड का एक प्रमुख कार्य संवर्धनात्मक गतिविधियाँ का संचालन है जिसका लक्ष्य चाय उपभोग को बढ़ावा देना और भारतीय चाय निर्यात में वृद्धि करना है । भारतीय चाय की उत्कृष्टता को प्रचारित करने के लिए संवर्धनात्मक उपायों को तेज किया गया है, जिसमें इसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ चाय बताया जाता है । कुछ चुने हुए देशों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है । जहाँ चाय निर्यात की अधिकतम संभावना है । निर्यात में वृद्धि के लिए भारतीय निर्यातकों को सभी सहायता प्रदान की जा रही है जिसमें विदेशों में भारतीय ब्राण्डों का विपणन भी शामिल है । विदेशी पैकर्सों द्वारा शुद्ध एवं अधिकांशतः भारतीय चायों की शुरूआत को बढ़ावा दिया जा रहा है ।

**निर्यात संवर्धन समिति :** संवर्धन सम्बन्धी गतिविधियां बोर्ड की निर्यात संवर्धन समिति के मार्गदर्शन में संचालित की जाती है । वर्ष के दौरान निम्नलिखित सदस्यों द्वारा इसका गठन हुआ था तथा यह निम्न तिथियों को वर्ष में तीन बार बैठक में शामिल हुई ।

1. अध्यक्ष, टी बोर्ड, पदेन अध्यक्ष
2. श्री पी. विश्वनाथन, माननीय सांसद
3. श्री पी.वी. बालचन्द्रन,
4. श्री एम. चन्द्रकांत
5. श्री अंशुमान कानोड़िया
6. श्री संजीव सरीन
7. श्रीमती चित्रा रमेश

**वर्ष के दौरान निम्न सूचित तिथियों व स्थानों पर तीन बार समिति की बैठक हुई :**

| बैठक की तिथि | स्थान |
|---|---|
| 22 सितम्बर, 2011 | कोलकाता |
| 29 दिसम्बर, 2011 | कूनूर |
| 02 मार्च, 2012 | कोलकाता |

### 5-5-5 परियोजना का आरम्भ

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में 5-5-5 परियोजना की शुरूआत की गई । इस परियोजना का उद्देश्य भारतीय चाय को एक सर्व आच्छादक ब्रांड के रूप में स्थापित करना है जिससे इसको उद्योग एवं उपभोक्ताओं से जोड़ना है । इससे लघु एवं मध्यम अवधि में भारतीय चाय एक प्रमुख ब्रांड के रूप में स्थापित हो सकेगी । इससे आनेवाले सालों में लक्ष्य किए गए बाजारों में मूल्य तथा बाजार हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि होने की उम्मीद है । विश्व बाजार में व्याप्त प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखकर इस परियोजना में पाँच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों यथा यू.एस.ए., रूस, कजाकिस्तान, ईरान एवं मिश्र को चुना गया है । इसमें पाँच वर्षों तक पाँच विशिष्ट गतिविधियां संचालित की जाएगी । इन गतिविधियों में इण्डिया लोगो का विस्तृत संवर्धन (परिचय कराना/जागरूकता प्रसार), स्थानीय व्यापारियों से सम्पर्क उपभोक्ता उन्मुख संवर्धन, सामाजिक मीडिया का उपयोग तथा अवसंरचना ऊपायों द्वारा मूल्यवर्धित चायों के निर्यात पर फोकस शामिल है ।

उपर्युक्त देशों का चुनाव ''बाजार आकर्षकता एवं संभावना'' तथा भारतीय ''चाय उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता'' के आधार पर किया गया है ।

### भारत से चाय निर्यात का व्यापक परिदृश्य

समीक्षाधीन वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में चाय निर्यात 5 मि.कि.ग्रा. की हल्की गिरावट दर्ज की गई । 2011-12 में निर्यात का कुल परिमाण 209 मि.कि.ग्रा. था जो वर्ष 2010-11 में 214

मि.कि.ग्रा. रहा था । परंतु उच्च इकाई मूल्य के कारण 2011-12 में कुल निर्यात का मूल्य वर्ष 2010-11 की तुलना में काफी अधिक था । 2011-12 में आय की गई कुल विदेशी मुद्रा 3213 करोड़ रु. रही एवं औसत इकाई मूल्य 154 रु. प्रति कि.ग्रा. रहा, जबकि यह वर्ष 2010-11 में 2995 करोड़ और 140 रु. प्रति कि.ग्रा. रही थी । रुपए के मूल्य में आई गिरावट के बावजूद पिछले वर्ष की तुलना में 2011-12 में डालर में हुई आमदनी अधिक रही । समीक्षाधीन वर्ष में देशवार निर्यात का ब्योरा तथा पिछले वर्ष के मुकाबले तुलनात्मक स्थिति अनुलग्नक-1 में दी गई है । संक्षेप में तुलनात्मक स्थिति निम्नवत थी :-

| 2011-12 (अनंतिम) | | | | | 2010-11 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परि.मि. कि.ग्रा. | मूल्य करोड़ रु. | मूल्य मि.यू.ए स. डालर | वृद्धि रु./कि. ग्रा. | वृद्धि डालर /कि.ग्रा. ) | परि.मि. कि.ग्रा. | मूल्य करोड़ रु. | मूल्य यूएस डालर | वृद्धि रु./प्र. कि.ग्रा. | वृद्धि डालर /कि.ग्रा.) |
| 209 | 3213 | 671 | 154 | 3.21 | 214 | 2996 | 658 | 140 | 3.08 |

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कजाकिस्तान, यू.के., यू.एस.एस. मिस्र और पाकिस्तान को निर्यात में 3 प्रतिशत (यू.एस.ए.) से लेकर 16 प्रतिशत (मिस्र) तक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई । अपनी बाजार संभावनाओं तथा उनके बाजारों की मांग की पूर्ति की भारतीय क्षमता के कारण रूस, कजाकिस्तान, यू.के. , यू.एस.ए., ईरान, सं.अ.अ., मिस्र तथा पाकिस्तान महत्वपूर्ण बाजार बने रहे ।

**बाजार संवर्धन योजना (एमपीएस) के तहत संचालित**

प्रदर्शनियों में भाग लेना व्यापार सुविधाकरण जिसमें क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, सूचना वितरण आदि शामिल है ।

- 5-5-5 परियोजना प्रस्ताव को चाय उद्योग की सलाह से तैयार किया गया है जिसमें पाँच देशों की पहचान की गई है जहाँ पाँच वर्षों तक पाँच फोकस गतिविधियां संचालित की जाएगी ।

**प्रचार सामग्री का उत्पादन**

- भारतीय चाय के विभिन्न पहलूओं से सम्बन्धित विविध प्रचार

चायें प्रामाणिक हों ।

(रु. करोड़ में)

| प्रमुख शीर्ष | 2011-12 | एकत्रित (2007-12) |
|---|---|---|
| घरेलू सवर्धन | 0.38 | **19.48** |
| विदेशी संवर्धन | 2.50 | **19.71** |
| व्यापार सम्बन्धी गतिविधियाँ | 1.66 | **13.39** |
| निर्यातकों/संघों को प्रोत्साहन | 8.18 | **23.20** |
| प्रचार सामग्री | 0.84 | **5.27** |
| कानूनी/परामर्शी | 1.53 | **3.43** |
| ई-नीलामी | 3.93 | **16.39** |
| अन्य | - | **7.61** |
| कुल | **19.02** | **108.48** |

**समीक्षाधीन वर्ष में एवं 11वीं पंचवर्षीय योजना में किा गया एकत्रित व्यय निम्न थाः**

**बोर्ड के मुख्यालय द्वारा संचालित गतिविधियां**

1. विदेशी कार्यालयों के क्षेत्र में न आनेवाले व्यापार मेला और प्रदर्शनियों में बोर्ड की भागीदारी का आयोजन ।
2. अंतर्राष्ट्रीय बैठकों तथा क्रेता विक्रेता सम्मेलन में भाग लेने हेतु बोर्ड के प्रतिनिधियों तथा चाय शिष्टांडलों के दौरों की व्यवस्था करना ।
3. चाय उद्योग के साथ सम्पर्क कार्य, व्यापार जिज्ञासाओं का उत्तर, नौवहन तथा भंडारण सम्बन्धी असुविधाओं को दूर करना, चाय व्यापारियों को निर्यात सम्बन्धी सूचनाएं प्रदान करना तथा बाजार और व्यापार सम्बंधी सूचनाओं का प्रसार ।
4. दार्जिलिंग चाय के उत्पादकों , निर्यातकों तथा व्यापारियों को दार्जिलिंग शब्द के लोगो के इस्तेमाल के लिए जो घरेलू तथा विदेशी बिक्री हेतु खुदरा पैकेटों पर लगाए जात हैं, सी.टी.एम. प्रक्रिया के तहत पंजीकरण ।
5. सभी दार्जिलिंग निर्यातों के लिए बागानवार उत्पादन की बीजक के माध्यम से चिन्हित चायों को उत्पत्ति प्रमाणपत्र देना ।
6. सूचना प्रसार के अंश के रूप में, विभिन्न मेलों तथा प्रदर्शनियों में प्राप्त व्यापार जिज्ञासाएं तथा विभिन्न स्रोतों से समय-समय पर प्राप्त जिज्ञासाओं को उद्योग के सदस्यों को भेज दिया गया।

**भारतीय चाय की बौद्धिक सम्पदा अधिकार संरक्षण उपलब्धियां**

टी बोर्ड ने विभिन्न चाय शब्दों और लोगो के संरक्षण के लिए अपना प्रयास जारी रखा ।

09 नवम्बर, 2011 को दार्जिलिंग चाय पहली कोई गैर चीनी चाय बनी जिसे यूरोपियन संघ के संरक्षित भौगोलिक सूचक के रूप में संरक्षित किया गया है । यह दार्जिलिंग चाय की अनन्यता और विशिष्ट गुणों को देखते हुए एक महत्वपूर्ण स्वीकृति है । इससे विश्व की प्रमुख चायों के बीच उसकी पहचान सुदृढ़ हुई है ।

पी.जी.आई. पंजीकरण के फलस्वरूप दार्जिलिंग को ई.यू. के सदस्य देशों में निम्नलिखित के खिलाफ सुरक्षा प्रदान की गई है ।

(क) चाय अथवा उसके समान किसी भी अन्य उत्पाद के संदर्भ में दार्जिलिंग नाम का वाणिज्यिक इस्तेमाल जिससे दार्जिलिंग की प्रतिष्ठा का शोषण होता हो ।

(ख) किसी भी प्रकार का दुरूपयोग , नकल यहाँ तक कि उत्पाद की उत्पति उल्लिखित हो तथा जिसमें शैली, प्रकार, तरीका के माध्यम से अनुकरण किया गया हो ।

(ग) कोई भी अन्य मिथ्या अथवा भ्रामक संकेत

(घ) अन्य कोई भी क्रियाकलाप जिससे उपभोक्ता उत्पाद की उत्पत्ति के सम्बन्ध में भ्रम में पड़ जाए ।

## भारत में घरेलू संवर्धन

समीक्षाधीन वर्ष में टी बोर्ड ने निम्नलिखित आयोजनों में हिस्सा लिया ।

1. एग्रोटेक इंडिया ओ ग्रामीण शिल्प मेला-2011 सोनारपुर, 2-9 जून, 2011
2. 15वां ऑल इंडिया नेशनल एक्सपो-2011, बेलघरिया 7-9 सितम्बर, 2011
3. आई सी सी कोलकाता द्वारा तीसरा एग्रोटेक, 3-5 नवम्बर, 2011
4. 16वाँ सुंदरवन कृषि मेला, कैनिंग 20-29 दिसम्बर, 2011
5. बायोफैक इंडिया, बैंगलोर, 10-12 नवम्बर, 2011
6. बराक वैली प्रदर्शनी सिलचर, 29 दिसम्बर, 2011 से 12 जनवरी, 2012
7. असम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, गुवाहाटी, 6-18 दिसम्बर, 2011

## समीक्षाधीन वर्ष में भाग लिए गए अंतर्राष्ट्रीय आयोजन

1) वर्ल्ड टी एक्सपो, लास बेगाम, यू.एस.ए. 24-26 जून, 2011
2) अंतर्राष्ट्रीय चाय मेला एवं क्रेता विक्रेता मिलन, हांगकांग, 11-13 अगस्त, 2011
3) 'वर्ल्ड फूड मासको' प्रदर्शनी, 2011, 13-16 सितम्बर, 2011
4) वैकूंवर में टी कॉफी कनाडा प्रदर्शनी 2-3 अक्टूबर, 2011
5) विंटर फैन्सी फूड शो, सैन फ्रांसिसको, यू.एस.ए. 15-17 जनवरी, 2012
6) एफ.ए.ओ. आई.जी. जी. मीट ऑन ट एंड कोलम्बो टी कन्वेंशन, जनवरी, 2012
7) गल्फ फूड फेयर, दुबई, 19-22 फरवरी, 2012
8) इंडिया शो, लाहौर, पाकिस्तान, 11-13 फरवरी, 2012
9) प्रोडक्सपो, मॉस्को, 13-17 फरवरी, 2012
10) बायोफैक, न्यूरेमबर्ग, जर्मनी, 15-18 फरवरी, 2012
11) इंडिया शो, जकार्ता इंडोनेशिया 6-8 मार्च, 2012
12) टी कॉफी वर्ल्ड कप प्रदर्शनी , विएना, 25-27 मार्च, 2012
13) ईरान को बहुउत्पाद व्यापार प्रतिनिधिमंडल, 10.14 मार्च, 2012

## विदेशी कार्यालयों के अधीन न आनेवाले देशों में संवर्धनात्मक गतिविधियां

टी बोर्ड मुख्यालय ने विदेश स्थित भारतीय मिशनों की सहायता से निम्नलिखित देशों में संवर्धनात्मक गतिविधियां संचालित की ।

### स.रा. अमेरिका

अमेरिका का अनुमानित बाजार आकार 127.5 मि.कि.ग्रा. (काली चाय 85% हरी चाय 15%) है जिसका मूल्य 2011 में 428.352 मि. डालर था । चाय बिक्री को बढ़ाने वाला उत्प्रेरक इसका पोषण और स्वास्थ्य वाला पक्ष है, जिसमें आर्गेनिक, हरी और स्पेशलिटी चायों के प्रति काफी रूझान व्यक्त की जाती है । विश्व भर में चाय खपत मं इसका स्थान सातवां है । सं.रा. अमेरिका में चाय उपभोग का तरीका अधिकांशतः आईस टी के रूप में है । पर हाल के वर्षों में गर्म चाय के उपभोग के प्रति भी रूझन बढ़ा है ।

उपर्युक्त परिमाण में से काली चाय का आयात 108 मि.कि.ग्रा. (85 प्रतिशत) है । सं.रा. अमेरिका में भारतीय चाय के निर्यात की काफी संभावनाएं हैं ।

भारत चूंकि **यू.एस. चाय परिषद** का संस्थापक सदस्य है। अतः विभिन्न अवसरों पर चर्चाओं में भाग लिया ।

### कनाडा

कनाडा एक गर्म चाय वाला बाजार है जिसका परिमाण 19.17 मि.कि.ग्रा. (9 प्रतिशत पुनर्निर्यातित) है तथा प्रति व्यक्ति खपत 0.48 कि.ग्रा. है । सं.रा. अमेरिका के विपरीत कनाडा में 60 प्रतिशत आबादी गर्म चाय का सेवन करती है । कनाडा को भारतीय चाय का निर्यात लगभग 3 मि.कि.ग्रा. (कुल आयात का 15

प्रतिशत) है । निर्यात का परिमाण अल्प होने पर भी प्रतिइकाई मूल्य वसूली उच्च थी । इससे पता चलता है कि स्पेशलिटी चायें लोकप्रिय हो रही हैं तथा इनमें वृद्धि होनेवाली हैं ।

## आस्ट्रेलिया

यहाँ 11 मि.कि.ग्रा. चाय आयातित होती है जिसमें भारत का हिस्सा 1प्रतिशत होने से यह एक छोटा बाजार है । यहाँ मूल्यवर्धित चायों की काफी संभावना है विशेषरूप से ब्रांडेड काली एवं आर.टी.डी. चायों के क्षेत्र में । आस्ट्रेलिया में लगभग 1.670 मि.कि.ग्रा. का अल्प चाय उत्पादन होता है । यह 0.2 मि.कि.ग्रा. चाय पुनर्नियातित भी करता है ।

इस बाजार को अब अधिक सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है क्योंकि इसमें विस्तार और पहुंच की क्षमता है । पिछले कुछ वर्षों से चलाए जा रहे टी बोर्ड के संवर्धन उपायों ने अच्छे परिणाम देना शुरू कर दिया है । भारत से आस्ट्रेलिया को निर्यात होने वाली चाय में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2002-03 में 1.41 मि.कि.ग्रा. से बढ़कर 2011-12 में 3.32 मि.कि.ग्रा. हो गई । यह वृद्धि मात्रा और दाम वसूली दोनों में हुई है । भारतीय चाय निर्यात इंस्टैंट चाय, चाय थैलों और पैकेट चाय के रूप में होता है ।

के सहयोग से टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास द्वारा किया जाता है ।

## विदेश स्थित कार्यालयों के संवर्धनात्मक कार्य

बोर्ड के विदेश स्थित कार्यालय लंदन, मॉस्को, और दुबई में स्थित है । भारतीय चायों के संवर्धन के लिए बाजारों में पहुंच के लिए इनकी रणनीतिक भूमिका है । यह अपने क्षेत्राधिकार के महत्वपूर्ण देशों में चाय संवर्धन का कार्य करते हैं ।

## लंदन कार्यालय

**लंदन कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आनेवाले देश**

यू.के. आयरलैंड, नार्वे, स्वीडेन, डेनमार्क और फिनलैंड । जुलाई, 2002 में हैम्बर्ग कार्यालय के बंद होने के कारण निम्नलिखित देश लंदन कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आते हैं : बेल्जियक, लक्समबर्ग, नीदरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन, पुर्तगाल , ग्रीस, आस्ट्रिया, स्विटजरलैंड, माल्टा, साइप्रस पोलैंड तथा पूर्व यूगोस्लाविया के बिखंडित गणराज्य जैसे बोस्निया - हर्जेगोविना, क्रोएशिया, स्लोवेनिया, सर्विया, मोटेंनीग्रो और मेसीडोनिया

लंदन कार्यालय के अधिकार क्षेत्र के तहत देश में चाय बाजार

## प्रमुख गतिविधियाँ एवं उपाय

### 1.मेले एवं प्रदर्शनियों में भागीदारी :

1. बायो-फैक नूरेम्बर्ग 15 से 18 फरवरी, 2012

   जैव उत्पाद हेतु बेहतरीन विकल्प का देश के रूप में सूचित बात पर बले देते हुए भारत को सहभागी देश के रूप में घोषित किया गया था । जर्मनी मंत्रीयों, ई.यू. व्यापार आयुक्तों, सांसदों और यूएस व्यापार के उप प्रतिनिधियों सहित बहुत से गौरवशालियो ने टी बोर्ड स्टैंड पर आए और भारत के जैव चायों का उत्कृष्ट किस्मों को चखे ।

2. भारत यू.के. खाद्य व पेय सम्मेलेन और बीएसएम 19 मार्च, 2012

   यू.के. में भारतीय उच्च आयुक्त द्वारा सम्मेलन का उद्घाटन किया गया था । इ.यू. के ग्यारह देशों में खाद्य सुरक्षा मानकों के बारे में जानने के लिए भारतीय प्रतिनिधि मंडल को अवसर प्रदान किया गया । अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुतिकरण, ई.यू. देशों में बहुल्क उपभोगताओं के रूचि को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा मानकों से संबंधित मानदंड के अनुकूल करने हेतु भारतीय चाय उद्योग द्वारा किए गए उपायों पर आईटीए ध्यान दिया ।

3. चाय व कॉफी विश्व कप, वियना, अस्ट्रीया, 25 से 27 मार्च, 2012

   टीबीओआई दर्शक दीर्घा चार निर्यातकों सहित अपने उत्पादन स्तरों को प्रदर्शनीत करते हुए भव्य दृष्टि प्रस्तुत किया । कार्यक्रम के दौरान दार्जिलिंग चाय संघ (डीटीए) एक चाय नमूना अधिवेशन और एक विशेष नीलामी आयोजित किया । दार्जिलिंग चाय उत्पादन के कुछ बागानों को कार्यक्रम में बताया गया और उसी समय चाय नीलामी में भागीदारी की उत्तेजना हेतु भागीदारों को आमंत्रित किया गया ।

4. 4-5 मई, 2011 के दौरान एजीएम के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय चाय समिति द्वारा वार्षिक उत्पादक उपभोगता सम्मेलन आयोजित किया गया ।

### 2. उपभोक्ता जागरूकता एवं भारतीय चाय संवर्धन

मेले एवं प्रदर्शनियों में भागीदारी के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्यक्रमों में भागीदारी और आयोजन भी किए गए जिनमें उपभोक्ता जागरूकता, लोगो संवर्धन एवं भारतीय चाय के स्रोत व ब्राण्डों के संरक्षण पर ध्यान दिया गया था । यह ऐसा मौका था जहाँ भारतीय निर्यातकों को मूल्य वर्धित उत्पाद को प्रदर्शित कर सके ।

I. चाय विशेषज्ञ मेसर्स जेन पेटिग्रिउ के साथ पत्तियों का जादू 7 जून, 2011 को पेय चाय का स्वास्थ्य एवं आध्यात्मक लाभ पर विशेष ध्यान

II. मैडम अलका कपूर, एक उत्कृष्ट भारतीय कलाकार द्वारा चित्रकारी के प्रदर्शन हेतु 7-10 जून, 2011 के दौरान नेहरू केन्द्र में आपके प्याले में एक बादल का टुकड़ा आयोजित हुआ । उनकी चित्रकारी का यूएसपी था कि चाय पत्तियों व चाय बैगों के उपयोग और अनुपयोग से ये निर्मित थे ।

III. 24-26 जून, 2011 के दौरान बीरमिंघम में आंचलिक हिन्दी सम्मेलन में द्रव्य चाय नमूनित किया गया था कार्यक्रम का आयोजन एचसीआई लंदन और सीजीआई बीरमिंघम द्वारा किया गया था ।

IV. जुलाईःअगस्त, 2012 में लंदन ओलम्पीक पर पूंजीकरण के उद्देश्य से उस समय के दौरान प्रमुख ब्राण्ड संवर्धन/ उपभोक्ता जागरूकता अध्याय के आरम्भ करके की दृष्टि से भारतीय उच्चायुक्त और अन्य एजेन्सीओं के साथ अनेक प्रारम्भिक बैठके आयोजित किए गए ।

V. एक उत्सव कार्यक्रम भारतीय जर्नलीस्टस संघ द्वारा आयोजित किया गया । और भारतीय उच्चायुक्त द्वारा सक्रिय सहयोग किया गया । भारतीय प्रमुख और ब्रिटिश मिडिया के उपस्थिति में समृद्ध प्रकाशन सामग्री के वितरण एवं द्रव्य नमूना के माध्यम से भारतीय चाय ने एक अच्छी दृश्यता और वृहद पहचान प्राप्त किया ।

VI. यूके और यूके के बाहर हुए सभी उपभोगता प्रतिनमूना कार्यक्रम में लोगो संवर्धन लाया गया । दार्जिलिंग , असम व नीलगिरी चायों हेतु विशेष उपहार बक्से रूपांकृत किए गए और मिशन में आने वाले विशिष्ट अतिथियों को मिशन के प्रमुख द्वारा उपहार देने हेतु विविध मिशनों को वितरित किया गया ।

## बाजार की स्थिति एवं निर्यात निष्पादन

### यूनाइटेड किंगडम

यूएसडी 461 मिलियन मूल्य पर 2011 में यूके ने लगभग 155 मिलियन कि.ग्रा. चाय आयात किया । 2011 के दौरान विश्व के कुल चाय आयातों में 9.5 प्रतिशत हिस्सा के साथ रूस के पश्चात यूके विश्व में द्वितीय वृहदतम चाय आयातक देश है । 2011 के दौरान भारत लगभग 19 मिलियन कि.ग्रा. यूके को निर्यात किया । यूके में केनिया अकेले आयातों का 53% हिस्सा हेतु उतरदायी है जबकि भारत, इण्डोनेशिया, चीन , मालवीया और तनजानिया मिलकर अन्य 32% हेतु उत्तरदायी हैं । मूल्य मदों में, ये 6 देश आयातों के 84% हेतु उत्तरदायी हैं । अफ्रीका एवं इण्डोनेशिया की तुलना में भारतीय चाय उच्चतम इकाई मूल्य उगाही करता है । 10 वर्ष के ऊपर की आयु वाले जनसंख्या का 69% रोजाना चाय पीता है । अन्य पेयों की तुलना में यू के में अधिकतम 3 कप चाय प्रति व्यक्ति की खपत है।

### जर्मनी

2011 के दौरान कुल आयात का 54 मिलियन कि.ग्रा. के साथ जर्मनी ईयू अंचल में द्वितीय वृहद चाय बाजार है । यह एक गुणवत्ता सजग प्रीमियम बाजार है । दार्जिलिंग चाय उच्चतम मूल्य के साथ-साथ अच्छा गुणवत्ता का लाभ उठाता है ।

हिस्सानुसार आयात चीन (22%) श्रीलंका (12%), भारत (11.5%) इण्डोनेशिया (11.4%), अर्जेनटिना (3.41%) और वियतनाम (3.07%) उत्पादक देशों में कुल लगभग 63% हेतु उत्तरदायी है जबकि नीदरलैण्ड (8%) और यूके (7%) दोनों पुर्ननिर्यातक देश का 15% हेतु उत्तरदायी है ।

जर्मनी आयातो का लगभग 49% उपभोग करता है और मूल्य वृद्धि के पश्चात शेष 51% को यूएसए, फ्रांस, पोलैण्ड, यूके इत्यादि देशों में पुर्ननिर्यात करता है ।

काली चाय जर्मनी के आयात का 76% है । अधिकांश चाय अर्थोडॉक्स/पत्ती किस्म का है । सम्पूर्ण जर्मनी की तरह ही चाय पूर्व फ्रायसलैण्ड (उत्तर जर्मनी में स्थित) में 300 वर्षों से राष्ट्रीय पेय है । पूर्व फ्रायसलैण्ड में प्रति व्यक्ति चाय की खपत लगभग 3 कि.ग्रा. है । यह जर्मनी के औसत खपत का 0.28 कि.ग्रा. से काफी अधिक है । इस क्षेत्र में प्रति व्यक्ति असम चाय की खपत उच्चतम है ।

### पोलैण्ड

लगभग 34 मि.कि.ग्रा. के बाजार आकार और 0.78 कि.ग्रा. प्रति व्यक्ति उपभोग के साथ पोलैण्ड सूरो जोन में तीसरा महत्वपूर्ण बाजार है । उत्पादक देशों में से आयात मुख्यतः केन्या (15.7%), भारत (12.9%), इण्डोनेशिया (10.7%) वियतनाम (10.5%), चीन (10.1%), श्रीलंका (8.3%) और अर्जेन्टिना (5.5%) से किया जाता है । जबकि नीदरलैण्ड और जर्मनी क्रमशः 9.3% और 7.0% योगदान करता है ।

सीटीसी किस्म हेतु स्पष्ट रियता के साथ चाय बाजार तीव्रगति से परिवर्तित हो रहा है और साम्यवाद पतन का अनुसरण करते हुए क्रेय शक्ति बढ़ा है । चाय थैले हेतु नियत बदलाव से मूल्यवर्धित नौवाहन तीव्रगति से बढ़ा है ।

### फ्रांस

2011 में फ्रांस लगभग 18 मि.कि.ग्रा. चाय (काली चाय - 49% और हरी चाय - 51%) का आयात किया और उनमें से 17% का पुर्ननिर्यात किया । चीन (38%), श्रीलंका (6%) ,जर्मनी (13%) और बेनेलक्स देश (7%) प्रधान आपूर्तिकर्ता देश है । मूल्यवर्धित रूप से विशेषतः प्रत्यक्ष निर्यात विकसित करने की संभावना है । यद्यपि भारतीय चाय निर्यात 1 मि.कि.ग्रा. से भी कम है (कुल आयात का 2%) । भारतीय चाय उच्च इकाई मूल्य उगाही करता है ।

स्वास्थ्यकारी खाद्य और पेय के प्रति फ्रांसिसीयों की रूचित है । उपभोगताओं में चाय थैले और सुलभ उत्पाद सर्वाधिक पसंदीदा है ।

### मॉस्को कार्यालय

**अधिकार क्षेत्र :** सीआईएस देश - रूस, काजाकिस्तान, यूक्रेन, यूजवेकिस्तान, अर्जवैजन, तुर्कमेनीस्तान, बेलारूस, क्रिजीस्तान, ताजकिस्तान, जर्जीया, अर्मेनेया, मोलडोवा और लतावी के वाल्टीक राज्यें, इस्टोनिया व लीथूनिया ।

**सीआईएस क्षेत्र के प्रमुख देशों में चाय बाजार आकार**

| देश | बाजार आकार मिलियन कि० ग्रा० | पीसीसी कि० ग्रा०/प्रति वर्ष | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| रूस | 183 | 1.27 | 2% की दर से बाजार वृद्धि हो रही है सीएजीआर |
| कजाकिस्तान | [illegible] | 1.5[illegible] | [illegible] |

आकार अनुमानित 182 मिलियन कि.ग्रा. का है । यह देश महत्वपूर्ण परम्परागत रूप से अर्थोडॉक्स का बाजार है और मुख्यतः चाय की खपत पैकेट में (90%) और अर्थोडॉक्स मिश्रण (3/4 भाग के आसपास अर्थोडॉक्स है और बाकी सीटीसी दानेदार है ।)

2010.2011 के दौरान रु. 508.94 करोड़ के मूल्य पर 42.55 मिलियन कि.ग्रा. की तुलना में 2011-2012 के दौरान रु. 546.68 करोड़ मूल्य पर 41.76 मिलियन कि.ग्रा. भारतीय चाय रूस को निर्यात किया गया ।

**कजाकिस्तान**

रूस के बाद, कजाकिस्तान अपनी चाय उपभोग की मजबूत परम्परा एवं उच्च प्रति व्यक्ति खपत (लगभग 1.5 कि.ग्रा. प्रति वर्ष) सहितत एक महत्वपूर्ण बाजार है । जबकि काली चाय की खपत करीब 94%) है, हरी चाय एवं विशेषीकृत चायों में रूची बढ़ती [illegible]

## दुबई कार्यालय

| अधिकार क्षेत्र |
|---|
| पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीका जिसमें कुवैत, इरान, वहरीन, यूएई, सउदी अरब, ओमान, कतर, यमन, जार्डन, सीरिया, एआरई (मिश्र), लिविया, सुडान, ट्यूनिशिया, अल्जीरिया, मोरक्को, तुर्क, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान शामिल है । |

### मेले एवं प्रदर्शनियाँः

1. डेज ऑफ इंडियन कल्चर, ईरान 10 से 17 मई, 2011
2. अफ्रीका बीग सेवन एक्जीबिशन , जोहान्सवर्ग, 25 से 27 जुलाई, 2011
3. गल्फ फूड दुबई, 19 से 22 फरवरी, 2012

### प्रतिनिधिमंडल

वर्ष 2012 में मार्च, 10-14 के दौरान बहु-उत्पाद व्यवसायिक प्रतिनिधिमंडल ने ईरान का दौरा किया । तेहरान में भारतीय मिशन सहित फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्टर ऑरगानाइजेशन (एफआईईओ) ने तेहरान, तबरीज एवं एसफाहन के तीन शहरों में व्यवसाय संगोष्ठि वं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया । सभी विचार-विमर्शों में बैंक संव्यहवार सम्बन्धी समस्या मुखर रही । आर. बी. आई. एवं यूको बैंक के प्रतिनिधियों ने ईरान में भुगतान में गत्यावरोध को सुलझाने के लिए अपने समकक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया ।

### बाजार परिदृश्य

पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीका (वाना) देशों में भारतीय चाय का कुल निर्यात 28% है । विशेषरूप से देश जैसे यूएई, ईरान, ट्यूनिशिया, ईराक, मिश्र एवं सउदी अरब की उच्च प्रति व्यक्ति खपत है एवं थोक उत्पाद के रूप में चाय निर्यात जारी है एवं भविष्य में वृद्धि हेतु बेहतरीन संभव्य के रूप में प्रदर्शित होता है ।

वाना क्षेत्रों में यूएई (दुबई), ईरान, ट्यूनिशिया, ईराक, मिस्र एवं सउदी अरब महत्वपूर्ण बाजार है (287 मि.कि.ग्रा. के संयुक्त आयात बाजार सहित अथवा क्षे. में कुल बाजार आकार 73% है ) इन देशों में से इराक एवं मिस्र का प्रति वर्ष करीब 1.2 कि.ग्रा. पर उच्च प्रति व्यक्ति खपत है जबकि इरान एवं ट्यूनिशिया का प्रतिवर्ष 0.9 कि.ग्रा. पर उच्च पीसीसी है ।

चाय व्यापक रूप में दूध के बगैर पी जाती है एवं चाय का रंग व उसका रूप उसके प्रथम चुनाव का मापदंड है, मुख्य चाय उपभोक्ता क्षेत्र एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा होने पर भी अफ्रीका चाय बाजार में अपना स्थान अपनी प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य एवं गुणवत्ता के कारण बना पा रही है ।

### वाना देशों द्वारा आयातित चायों के प्रकार :

(क) मध्यपूर्व : अधिकांशतया अर्थोडॉक्स परन्तु सउदी अरब व इरान जैसे देशों में स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है । यूएई में घरेलू तौर पर सीटीसी लोकप्रिय है क्योंकि यहाँ प्रवासी, भारतीयों, पाकिस्तानियों की संख्या अधिक है ।

(ख) मिस्र : सीटीसी चूर्ण एवं टूटन

(ग) लिबियाः अर्थोडॉक्स एवं हरी चाय

(घ) ट्यूनिशियाः अर्थोडॉक्स एवं हरी चाय

(ड़) मोरक्को : हरी चाय

### संयुक्त अरब अमीरात ( यू.ए.ई. )

